अमर उजाला 26/09/2024

सेमिनार से जगाई स्वच्छता की अलख

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अगुवाई में कॉलेज की एनसीसी गर्ल्स विंग की ओर से आज स्वच्छता ही देश सेवा विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान करवाया करा।

उन्होंने बताया स्वच्छता न केवल एक आवश्यकता है बल्कि यह एक आदत भी बन सकती है। एक जिम्मेदार व्यक्ति एक स्वच्छ व्यक्ति भी होता है। वहीं 33 एनसीसी कैडेट ने वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया और पर्यावरण बचाव का संदेश दिया। सीटीओ डॉ तृप्ति शर्मा ने बताया कि हमारे पर्यावरण की देखभाल भी सभी युवाओं की जिम्मेदारी है।

मतदाता जागरूकता विषय पर केंद्रित एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में मॉडल की जानकारी देते जीएमएन कॉलेज की छात्रा। संवाद

बिजनेस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित : अंबाला। जीएमएन कॉलेज में इंक्यूबेशन सेंटर के सहयोग से बिजनेस मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कुल 30 प्रतिभागियों ने अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने बाजार की गतिशीलता और रणनीतिक सोच की अपनी समझ को दर्शाते हुए व्यवसाय मॉडल तैयार करके अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया।